Title: Need to set up Homeopathy Department in Sir Sundar Lal Hospital under Kashi Hindu University, Varanasi (UP)-Laid.

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) : वाराणसी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जिलों के साथ ही बिहार की सटी सीमाओं की राजधानी है। वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा संचालित चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अधीन सर सुन्दर लाल चिकित्सालय इस पूरे इलाके का सबसे बड़ा चिकित्सालय है। यहां आयुर्वेदिक एलोपैथिक पद्धति से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। आज ये दोनों पद्धतियां काफी महंगी हो चुकी हैं तथा छोटी-छोटी बीमारियों में भी मरीज को काफी पैसा खर्च करना पड़ता है। इस पूरे इलाके के नागरिकों की आय काफी कम है जो इस भार को उठाने में काफी परेशान होते हैं।

इस चिकित्सालय में होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति की सुविधा नहीं है। माननीय अध्यक्ष जी आप अच्छी तरह जानते हैं कि यह चिकित्सा पद्धति सस्ती व सरल भी है। इसके साथ ही कुछ ऐसे असाध्य रोग हैं जिनकी चिकित्सा उपरोक्त दोनों पद्धतियों से सरल व सुलभ नहीं है। अतः यह आवश्यक है कि इस चिकित्सालय में होमियोपैथी विभाग भी खोला जाये, जिससे इस क्षेत्र की गरीब जनता सस्ते में अपना इलाज करा सके।